## शांति बनाने में योगदान करने वाली बीईएसी से रूस ने पल्ला झाड़ा

मॉस्को । शांति तथा स्थिरता बनाने में योगदान करने वाली संस्था बीईएसी से रूस अलग हट गया है। मिली जानकारी के अनुसार विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रूस ने बैरेंट्स यूरो-आर्कटिक काउंसिल (बीईएसी) से हटने का फैसला किया है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार बीईएसी पिछले 30 वर्षों से सीमा पार बातचीत के लिए एक उपयोगी और प्रभावी प्रारूप रहा है, और इसने उत्तर में शांति और स्थिरता बनाए रखने में योगदान दिया है। बयान में कहा गया है कि परिषद के पश्चिमी सदस्यों के कारण मार्च 2022 से परिषद की गतिविधियां रुकी हुई हैं और फिनलैंड ने अक्टूबर 2023 में बीईएसी की अध्यक्षता रूस को हस्तांतरित करने की अपनी तैयारी की पुष्टि नहीं की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मौजूदा परिस्थितियों में, हम बीईएसी से रूस की वापसी की घोषणा करने के लिए मजबूर हैं। इसमें कहा गया है ?कि रूस उत्तर में अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को लागू करना जारी रखेगा। हम हर किसी के साथ बातचीत के लिए खुले हैं, जो रचनात्मक दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है, और समान बातचीत और पारस्परिक रूप से लाभप्रद टीम वर्क के लिए तैयार है। गौरतलब है कि बीईएसी की स्थापना 1993 में हुई थी और इसका उद्देश्य बैरेंट्स क्षेत्र में स्थिरता और सतत विकास को बढ़ावा देना है।

## बस खाई में गिरी, 24 यात्रियों की मौके पर ही मौत

लीमा । पेरू के हुआनकेवेलिका क्षेत्र में एक यात्री बस खाई में गिरने के समाचार मिले हैं। जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में 24 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के हवाले से ये जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 1:30 बजे चुरकम्पा प्रांत के पहाड़ी इलाके में हुई। मरने वालों में कुछ नाबालिग भी शामिल हैं। घायलों को हुआनकायो, पम्पास और अयाकुचो शहरों के अस्पतालों में ले जाया गया। एंको के जिला मेयर, मैनुअल ज़ेवलोस ने रेडियो स्टेशन को बताया कि क्षेत्र में हिमस्खलन के चलते सड़क कम से कम एक महीने से खराब स्थिति में है।

## चीन की यूनिवर्सिटी में पढ़ाए जा रहे जासूस पकड़ने के तरीके

बीजिंग । चीन में इन दिनों आम जनता को जासूस बनाने पर शी जिनपिंग की सरकार तूली हुई है। इसके लिए चीन की सरकार की तरफ से क्रैश कोर्स कराया जा रहा है। इस कोर्स के तहत बीजिंग के शीर्ष विश्वविद्यालयों ने अपने पाठ्यक्रम में जासूसों को पकड़ने के तरीके पर एक क्रैश कोर्स जोड़ा है। यह फैसला चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा मई में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद लिया गया है। चीन ने तभी एक नया जासूसी विरोधी कानून भी पारित किया और लोगों को चेतावनी दी है कि विदेशी ताकतें देश के ऊर्जा क्षेत्र में घुसपैठ कर रही हैं। इस फैसले के जरिए शी जिनपिंग की सरकार इन दिनों विदेशी ताकतों के खिलाफ देशवासियों को खड़ा कर रही है। सरकार द्वारा संचालित सिंघुआ विश्वविद्यालय में शिक्षकों और छात्रों को विदेशी ताकतों के खिलाफ रक्षा पंक्ति बनने का निर्देश देते हुए वीडियो दिखाए गए। बीजिंग यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी ने एक राष्ट्रीय-सुरक्षा थीम वाली गार्डन पार्टी आयोजित की, जबकि बेइहांग विश्वविद्यालय के छात्रों को हूज़ द स्पाई नामक एक इंटरैक्टिव ट्रेनिंग गेम खिलाया गया। बर्लिन में मर्कटर इंस्टीट्यूट फॉर चाइना स्टडीज में राजनीति और समाज कार्यक्रम की प्रमुख काटजा ड्रिनहाउज़ेन का कहना है कि आर्थिक दबाव के समय, शीर्ष नेतृत्व में काफी स्पष्ट चिंताएं हैं। राजनीतिक और सामाजिक सामंजस्य बनाने के तरीके के रूप में सामूहिक भय का उपयोग करना एक बहुत ही खतरनाक खेल है। बता दें कि इससे पहले चीन ने जासूसी की सफलतापूर्वक रिपोर्ट करने वाले नागरिकों को 500,000 युआन (68,160) तक की पेशकश की थी। सरकार ने कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यों और सरकारी कर्मचारियों को रहस्य रखने के बारे में अपने ज्ञान और कौशल को बढ़ाने में मदद करने के लिए एक ऐप भी लॉन्च किया है।

## रूसी हमले से दहला ल्वीव, गोदाम में लगी भीषण आग; कई लोग घायल

**– रूस की ओर से इस हमले पर कोई तत्काल टिप्पणी नहीं आई**

यूक्रेन । रूस-यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर पश्चिमी यूक्रेन का शहर ल्वीव मंगलवार तड़के विस्फोटों से दहल गया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूसी हवाई हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया और एक औद्योगिक गोदाम में भी भीषण आग लग गई। ल्वीव के क्षेत्र के गवर्नर मैक्सिम कोजित्स्की ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा ?कि ल्वीव में हुए हमले के बाद मलबे के नीचे एक महिला और एक पुरुष पाए गए। शुरुआती जानकारी के मुताबिक पाई गई महिला घायल नहीं हुई थी, लेकिन पुरुष की हालत गंभीर है। हालांकि, हमले के क्षमता और होने वाली क्षति का तत्काल रूप से पता नहीं चल सका है। एक समाचार एजेंसी स्वतंत्र रूप से रिपोर्ट की पुष्टि नहीं कर सकी। फिलहाल रूस की ओर से इस हमले पर कोई तत्काल टिप्पणी नहीं आई है। ल्वीव शहर के मेयर एंड्री सदोवी का कहना है ?कि क्षेत्र के लिए हवाई हमले के अलर्ट को लगभग तीन घंटे बाद लगभग 3 बजे खत्म कर दिया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने एक दिन पहले ही बड़ा दावा किया था कि यूक्रेनी सेना ने रूस के कब्जे से बखमुत के दक्षिणी किनारे पर स्थित क्लिशचिवका गांव पर फिर से कब्जा कर लिया है। गौरतलब है कि जिस गांव पर कब्जे का दावा किया गया है, वहां पर युद्ध से पहले 400 लोगों की आबादी बसती थी। बता दें कि रूस ने यूक्रेन पर फरवरी 2022 में हमला किया था, जिसके बाद रूस ने यूक्रेन के कई शहरों पर कब्जा कर लिया। हालांकि, डेढ़ साल से अधिक समय बीत जाने के बाद युद्ध को लेकर कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

## महिला को मछली खाना पड़ा भारी, सेप्सिस की वजह से कोमा में चली गई

वॉशिंगटन । अमेरिका में एक महिला को मछली खाना भारी पड़ गया। महिला के अंगों ने काम करना बंद कर ?दिया तो उसे अस्पताल में ले जाना पड़ा जहां महिला कोमा में चली गई। अब उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। बताया जा रहा है कि महिला के शरीर के चार अंगों ने काम करना बंद कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैलिफोर्निया की रहने वाली 40 वर्षीय लॉरा बाराजस को मछली खाने का बहुत शौक था। वह आए दिन मछली ले आती थीं, खुद बनाती थीं और परिवार के साथ खाना पसंद करती थीं। मगर जुलाई में उनका यह शौक जानलेवा बन गया। लॉरा की दोस्त अन्ना मेसिना ने बताया कि सैन जोस मार्केट से वह तिलपिया मछली खरीदकर लाई। रात को बनाया और खाकर सभी सोने चले गए। लेकिन कुछ ही घंटों में उसकी हालत खराब हो गई। सांस लेने में दिक्कत होने लगी। लॉरा बाराजस को लेकर लोग अस्पताल भागे तो पता चला कि वह कोमा में चली गई है। उसे तुरंत वेंटिलेटर पर रखा गया। उसकी उंगलियां तथा पैर काले हो गए थे। निचला होंठ पूरी तरह काला पड़ चुका था। उसे पूरी तरह से सेप्सिस हो गया था और उसकी किडनी खराब हो रही थी। डॉक्टरों ने बताया कि उसे एक बैक्टीरियल इंफेक्शन हो गया है। जब उन्होंने इसकी वजह बताई तो सब हैरान रह गए। बाराजस ने जो मछली बनाई थी वह कच्ची रह गई थी, जिसकी वजह से उसे यह घातक इंफेक्शन हुआ। बीते गुरुवार को उसकी सर्जरी की गई और कई अंगों का ट्रांसप्लांट किया गया। अभी भी वह जीवन मौत के बीच झूल रही है। संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. नताशा स्पोटिसवूड के मुताबिक, कोई भी इस बैक्टीरिया की चपेट में आ सकता है। अगर आप कोई दूषित चीज खा रहे हैं तो यह संक्रमण आपको चपेट में ले सकता है। बता दें कि अमेरिका में हर साल इस तरह के संक्रमण के लगभग 150-200 मामले सामने आते हैं और संक्रमण से पीड़ित पांच में से एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर रहता है, उन्हें यह घातक संक्रमण होता है।

## दुनिया की सबसे बड़ी अदालत में यूक्रेन ने रुस पर लगाए गंभीर आरोप

हेग । दुनिया की सबसे बड़ी अदालत में रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर सुनवाई चल रही है। इस बीच कीव ने इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस से दो मांग कर दी है। यूक्रेन के वकीलों ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत के पास रूस के खिलाफ कीव के मामले की सुनवाई का अधिकार क्षेत्र है। कीव चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र की सर्वोच्च अदालत अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश रूस को अपने हमले रोकने और मुआवजा देने का आदेश दें। हालांकि, ऐसा लगता नहीं है कि मॉस्को इसका कोई भी अनुपालन करेगा।



इटली के लैम्पेडुसा के सिसिली द्वीप के पास समुद्र में बचाए जाने के बाद प्रवासी इतालवी तट रक्षक जहाज पर पहुंचे।

## लंदन जाने वाले भारतीयों को बड़ा झटका

लंदन । विदेश जाकर सैटेल और पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीयों के लिए बड़ी खबर है। लंदन जाने वाले अब भारतीयों को बड़ा झटका लगा। दरअसल, भारत से पढ़ाई के लिए ब्रिटेन जाने वाले छात्रों को अगले महीने से अब ज्यादा फीस चुकानी होगी। ब्रिटेन की सरकार ने भारत समेत दुनिया भर से देश में आने वाले आगंतुकों एवं छात्रों के लिये वीजा शुल्क में बढोत्तरी करने की घोषणा की है और यह बढ़ोतरी आगामी चार अक्टूबर से प्रभावी होगी। आगंतुकों को अब छह महीने से कम अवधि वाले दौरे के वीजा के लिए 15 पाउंड और छात्र वीजा के लिए 127 पाउंड अधिक खर्च करने होंगे। शुक्रवार को संसद में पेश किए गए अध्यादेश के बाद, ब्रिटेन के गृह विभाग ने कहा कि बदलावों का मतलब है कि छह महीने से कम समय के दौरे के वीज़ा की लागत बढ़कर 115 पाउंड हो जाएगी और छात्र वीज़ा के आवेदकों को अब 490 पाउंड खर्च करना होगा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने जुलाई में घोषणा की थी कि देश के सार्वजनिक क्षेत्र की वेतन वृद्धि को पूरा करने के लिए वीजा आवेदकों द्वारा ब्रिटेन की वित्त पोषित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के लिए भुगतान की जाने वाली फीस और स्वास्थ्य अधिभार में बड़ी वृद्धि होने वाली है। सुनक ने उस वक्त कहा था, हम इस देश में आने वाले प्रवासियों के वीजा के लिए आवेदन करने पर लगने वाले शुल्क को बढ़ाने जा रहे हैं। इसे वस्तुत- आव्रजन स्वास्थ्य अधिभार (आईएचएस) कहा जाता है, जो एक प्रकार का लेवी (शुल्क) है जिसका वे एनएचएस तक पहुंचने के लिए भुगतान करते हैं। ब्रिटेन के गृह विभाग ने इस हफ्ते अधिकांश कार्य एवं यात्रा वीजा की लागत में 15 प्रतिशत की वृद्धि और प्राथमिकता वाले वीजा, अध्ययन वीजा और प्रायोजन के प्रमाण पत्र की लागत में कम से कम 20 प्रतिशत की वृद्धि का संकेत दिया था।

# पीएम ट्रूडो का बड़ा बयान, निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ

**–कनाडा ने टॉप भारतीय डिप्लोमैट को देश से निकाला, महौल हुआ तनावपूर्ण**

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ होने की आशंका व्यक्त की है। इसी के चलते कनाडा के टॉप भारतीय डिप्लोमैट को देश से निकाल दिया है, और कहा है कि भारत सरकार की कोई भी संलिप्तता स्वीकार्य नहीं होगी। पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर सिंह की हत्या के पीछे भारत का कनेक्शन ढूंढा जा रहा है। देश की सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार और खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच करने में जुटी है। ट्रूडो ने ओटावा में हाउस ऑफ कॉमन्स को संबोधित करते हुए कहा कि कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार और कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बीच की संभावित कड़ी के आरोपों की सक्रियता से जांच कर रही है। पीएम ट्रूडो ने भारत सरकार से अपील की है कि इस मसले की तह तक जाने में हमारा सहयोग करें। गौरतलब है कि खालिस्तान टाइगर फोर्स के चीफ हरदीप सिंह की कनाडा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

आतंकी हरदीप सिंह निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स का चीफ था। वह बीते कई सालों से कनाडा में रह रहा था और वहां से भारत के खिलाफ खालिस्तानी आतंकवाद को हवा दे रहा था। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, निज्जर भारतीय जांच एजेंसियों के लिए पिछले एक साल में इसलिए और भी ज्यादा बड़ा सिरदर्द बन गया था क्योंकि उसने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों को विदेशों में लॉजिस्टिक और पैसा मुहैया करवाना शुरू कर दिया था। निज्जर की 18 जून को कनाडा के सरे में स्थित गुरुद्वारे के पास गोली मार दी गई थी। जिसके बाद उसकी मौत हो गई थी। निज्जर पंजाब के जालंधर में स्थित भरसिंगपुर का रहने वाला था।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ड्रूडो ने कहा कि हमारे देश के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के पास इस बात पर भरोसा करने की वजह है कि भारत सरकार के एजेंट्स कनाडा के नागरिक की हत्या के पीछे हो सकते हैं। निज्जर सरे गुरु नानक सिंग गुरुद्वारे का अध्यक्ष भी रह चुका था। उन्होंने कहा कि कनाडा के नागरिक की हत्या में विदेशी हाथ को या फिर दूसरे देश की सरकार की संलिप्तता को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो के बीच जी20 के दौरान द्विपक्षीय बातचीत हुई थी। इस दौरान पीएम मोदी ने ट्रूडो के सामने खालिस्तान का मुद्दा उठाया था।

कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि एक शीर्ष भारतीय डिप्लोमैट को निष्कासित कर दिया है। कनाडा में एक सिख कार्यकर्ता की हत्या में भारत सरकार का हाथ होने के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों की जांच के बीच वहां की सरकार ने शीर्ष भारतीय राजनयिक को देश ने निष्कासित कर दिया है। उन्होंने पिछले सप्ताह जी20 शिखर सम्मेलन में अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी के सामने इस हत्याकांड का मामला उठाया था। भारत सरकार की कोई भी संलिप्तता अस्वीकार्य करते हुए जांच में सहयोग देने का आग्रह भी किया है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप कनाडा में भारतीय खुफिया प्रमुख को निष्कासित कर दिया गया है।



### जस्टिन ट्रूडो ने जी7 देशों के सामने निकाली जी20 की भड़ास

टोरंटो । भारत यात्रा के बाद उनके अपने देश में हुई फजीहत के बाद जस्टिन ट्रूडो की बौखलाहट सामने आ रही हैं। जस्टिन ट्रूडो ने अब भारत पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया है। गौरतलब है कि जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को हुई जी7 की बैठक के दौरान भी यह मुद्दा उठाया, और जी20 के दौरान भारत के पीएम मोदी से हुई बातचीत की भड़ास भी निकाली।

## अमरीकी राष्ट्रपति की दावेदारी को लेकर बढ़ी रामास्वामी की लोकप्रियता

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति की दावेदारी को लेकर भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी चर्चा इन दिनों सुर्खियों में है। विवेक रामास्वामी ने बताया कि कुछ लोग मेरी तरक्की से नाराज हैं। वे मानते हैं कि 38 साल का व्यक्ति अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के लिए बहुत छोटा है, जबकि थॉमस जेफरसन जब 33 साल के थे, तब उन्होंने अमेरिकी स्वतंत्रता की घोषणा लिखी थी। यही नहीं, जेफरसन ने उस समय घूमने वाली कुर्सी का भी अविष्कार किया था।

रामास्वामी ने कहा कि दूसरी डिबेट में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसके बाद से विरोधियों द्वारा मेरी आलोचना तेज कर दी गई है। गौरतलब है कि नए सर्वे से पता चला है कि रामास्वामी की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। अगस्त के प्रदर्शन से वह 12 अंक ऊपर हैं। वे कहते हैं, मैं कट्टरपंथी बाइडन एजेंडे की ज्यादा आलोचना नहीं करता, क्योंकि मुझे लगता है कि यह ध्यान केंद्रित करने की गलत जगह है। लेकिन एकजुटता के लिए हमें अपना दृष्टिकोण पेश करना होगा।

उल्लेखनीय है कि रामास्वामी ने 23 अगस्त को हुई रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की प्राथमिक बहस में लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया था। बहस के बाद सामने आए सर्वे में 504 उत्तरदाताओं में से 28 प्रतिशत ने यह माना कि रामास्वामी ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। उनके बाद फ्लोरिडा के गर्वनर रॉन डिसेंटिस (27 प्रतिशत) और पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस (13) हैं और भारतीय अमेरिकी निक्की हेली को सात फीसदी वोट मिले।



### एच-1बी वीजा खत्म करेंगे विवेक रामास्वामी

वॉशिंगटन। अमेरिका में अगले साल होने वाले प्रेसिडेंशियल इलेक्शन होने वाले हैं। इसमें रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी कैंडिडेट बनने की रेस में शामिल हैं। विवेक ने एच-1बी वीजा के मुद्दे पर अहम बयान दिया। कहा- मैं अगर प्रेसिडेंट बनता हूं कि इस वीजा को खत्म करने एक नया वीजा सिस्टम लॉन्च करूंगा। एच-1बी सिस्टम एक तरह से 'कॉन्ट्रैक्ट लेबर' या बंधुआ मजदूरी और गुलामी का प्रतीक है। खास बात यह है कि खुद विवेक ने 2018 से 2023 तक इसी वीजा कैटेगरी का इस्तेमाल 29 बार किया है। ऐसे में इस कैटेगरी को खत्म करने का वादा करके उन्होंने नई बहस को जन्म दे दिया है।

## अमेरिका-ईरान के बीच कैदियों की अदला-बदली हुई

**कतर (एजेंसी)।** ईरान के साथ कैदियों की अदला-बदली के तहत अमेरिका द्वारा मांगे गए पांच बंदी तेहरान से रवाना होकर कतर पहुंचे। बंदियों के कतर पहुंचने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, ईरान में कैद पांच निर्दोष अमेरिकी मंगलवार को आखिरकार अपने घर वापस आ रहे हैं। विमान के पहुंचने पर कतर में अमेरिकी राजदूत ने बंदियों से मुलाकात की।

इसके पहले दिन में, उड़ान की आवाजाही संबंधी आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर पता लगाया कि कतर एयरवेज के विमान ने तेहरान के मेहराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी, जिसका उपयोग अतीत में भी कैदियों की अदला-बदली में किया जाता रहा है।

इसके तुरंत बाद, ईरान की सरकारी मीडिया ने कहा कि विमान ने तेहरान से उड़ान भर ली है। अधिकारी ने पहचान गुप्त रखने की शर्त पर इसकी जानकारी दी, क्योंकि कैदियों की अदला-बदली की प्रक्रिया अभी जारी है।

दिन में अधिकारियों ने बताया था कि कभी लेन-देन पर रोक लगा दी गई करीब छह अरब डॉलर की ईरानी संपत्ति कतर पहुंचने के बाद कैदियों की यह अदला-बदली होगी। यह अदला-बदली के मुख्य शर्तों में से है। कैदियों की अदला-बदली का मतलब यह नहीं है कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम हो गया है। दोनों देशों के बीच ईरान के परमाणु कार्यक्रम सहित विभिन्न मुद्दों पर तनाव की स्थिति है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नसीर कनानी ने स्वीकार किया था कि कैदियों की अदला-बदली सोमवार को होगी। उन्होंने बताया कि अदला-बदली के लिए मांगी गई नकद रकम अब कतर के पास है। यह रकम पहले दक्षिण कोरिया के पास थी।

कनानी ने कहा, जहां तक कैदियों की अदला बदली की बात है, यह आज होगा और इस्लामिक गणराज्य के पांच नागरिक अमेरिका की जेल से रिहा किए जाएंगे। उन्होंने कहा, ईरान में बंदी बनाए गए पांच कैदियों को अमेरिका को सौंपा जाएगा।

## अमेरिकी लोकतंत्र को नष्ट करना चाहते हैं ट्रंप, उम्र को लेकर सवाल पर बाइडेन ने दिया ये जवाब

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के अब तक के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को कहा कि उनकी उम्र को लेकर चर्चा हो रही है, लेकिन वह फिर से चुनाव की रेस में हैं। बाइडेन ने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी लोकतंत्र को नष्ट करना चाहते हैं। 80 वर्षीय व्यक्ति आमतौर पर उम्र के मुद्दे से बचते हैं, लेकिन उन्होंने न्यूयॉर्क के ब्रॉडवे थिएटर में एक फंडरेजर के दौरान इसे संबोधित करते हुए कहा कि उनके अनुभव ने उन्हें यूक्रेन और कोविड-19 जैसे संकटों से निपटने में मदद की। बाइडेन ने कहा कि ऐसा लगता है कि बहुत से लोग मेरी उम्र पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुझे यह मिल गया है, मेरा विश्वास करो, मैं इसे किसी से भी अधिक जानता हूं।

उन्होंने कहा कि मैं इसलिए दौड़ रहा हूं क्योंकि लोकतंत्र दांव पर है, क्योंकि 2024 में लोकतंत्र एक बार फिर मतदान पर है। और कोई सवाल नहीं होना चाहिए। डोनाल्ड ट्रम्प और उनके एमएजीए रिपब्लिकन अमेरिकी लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए दृढ़ हैं। डेमोक्रेट ने कहा कि वह 'तानाशाहों के सामने झुकेंगे नहीं और उन्होंने ट्रम्प पर जिसका नारा मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) है रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ ऐसा करने का आरोप लगाया। जनमत सर्वेक्षणों से पता चलता है कि अमेरिकी मतदाताओं को ट्रम्प के खिलाफ अगले साल संभावित दोबारा मैच से पहले बाइडेन की उम्र को लेकर चिंता है।



एक प्रभावशाली अमेरिकी स्तंभकार, वाशिंगटन पोस्ट के डेविड इग्नाटियस ने उस समय हलचल मचा दी जब उन्होंने पिछले सप्ताह बिडेन से चुनाव न लड़ने का आह्वान किया, उन्होंने कहा कि बिडेन ने ट्रम्प को हराकर अपनी 'सबसे बड़ी उपलब्धि' को कम करने का जोखिम उठाया है। बाइडेन इस सप्ताह न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग ले रहे हैं, दूसरे कार्यकाल के अंत में 86 वर्ष के हो जाएंगे और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी लगातार इस मुद्दे पर निशाना साध रहे हैं।

### भारत-कनाडा के बीच तनाव, अमेरिका ने कहा नजर बनाए हुए

वाशिंगटन । अमेरिका ने कहा है कि वह खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों से बहुत चिंतित है। व्हाइट हाउस राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि हम प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा संदर्भित आरोपों के बारे में गहराई से चिंतित हैं। हम अपने कनाडाई साझेदारों के साथ नियमित संपर्क में रहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कनाडा की जांच आगे बढ़े और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए। दरअसल हाउस ऑफ कॉमन्स में एक भाषण में ट्रूडो ने कहा कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार के एजेंटों और एक कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बीच संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोपों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही हैं। ट्रूडो के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया देकर भारत ने उन्हें बेतुका और प्रेरित बताया। इस बीच, कनाडा ने एक भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया क्योंकि वह हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में ट्रूडो के दावों की जांच कर रहा था।

## पुतिन की पकड़ हो रही कमजोर, अमेरिका के पाले में जाता दिख रहा आर्मीनिया

**–रुस ने गंभीर परिणाम भुगताने की दी धमकी**

**मॉस्को (एजेंसी)।** अजरबैजान की सेना हजारों की तादाद में फिर से आर्मीनिया के सीमा के पास जमा हो रही है। ये सैनिक अपने टैंक और अन्य हथियारों पर एक खास तरीके का निशान बना रहे हैं जिससे यह आशंका बढ़ गई है कि वे हमला करने की तैयारी कर रहे हैं। इस बीच आर्मीनिया का अपने सबसे पुराने दोस्त रूस पर से भरोसा उठता दिख रहा है। आर्मीनिया भी अमेरिका और पश्चिमी देशों के पाले में जाता दिख रहा है। आर्मीनिया ने रूस से अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत के अधिकार क्षेत्र को लेकर चर्चा शुरू की है। आर्मीनिया के कदम का रूस ने कड़ा विरोध कर पुतिन सरकार ने धमकी दी है। दरअसल, यह वहीं कोर्ट है जो कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी कर रखा है।

आर्मीनिया रूस का सबसे पुराना दोस्त है, लेकिन यूक्रेन पर पुतिन के हमले के बाद दोनों देशों के बीच संबंध अब काफी खराब होते जा रहे हैं। आर्मीनिया ने कहा है कि वह आपराधिक अदालत के अधिकार क्षेत्र में शामिल होने की दिशा में आगे बढ़ेगा। इस बीच रूस ने आर्मीनिया को धमकी दी है कि अगर ऐसा किया तब उस गंभीर परिणाम भुगतना होगा। दरअसल, अजरबैजान ने जब नगर्नो कराबाख पर हमला किया था, तब रूस ने आर्मीनिया को सुलह समझौते के तहत सुरक्षा का आश्वासन दिया था।

रूस यूक्रेन युद्ध में फंसने के बाद अपने वादे को पूरा करने में फेल साबित हो रहा है। वहीं अजरबैजान भीषण हमले कर रहा है। इसकारण अभी कुछ दिन पहले ही आर्मीनिया के प्रधानमंत्री ने दो टूक कह दिया था कि उनका देश रूस के ऊपर सुरक्षा के गारंटी के रूप में भरोसा नहीं कर सकता है। यह पूरा इलाका दशकों से रूस के प्रभाव वाला रहा है लेकिन अब पुतिन की पकड़ कमजोर हो रही है। वहीं रूस के कमजोर होते ही अमेरिका ने आर्मीनिया में अपनी भूमिका बढ़ा दी है।

अमेरिका के सैनिक अब आर्मीनिया में शांतिरक्षक ट्रेनिंग के नाम पर पहुंचे हैं जिससे रूस की सरकार भड़की हुई है। यह अभ्यास 10 दिनों तक चलेगा जिसमें अमेरिका के 85 सैनिक और आर्मीनिया के 175 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। यह अभ्यास भले ही बहुत छोटे स्तर का हो लेकिन अभ्यास को रूस के विदेश मंत्रालय ने अपने दोस्त आर्मीनिया का गैर दोस्ताना कदम करार दिया है।



यही नहीं आर्मीनिया ने हाल ही में पहली बार यूक्रेन को मानवीय मदद भेजी है। अगर आर्मीनिया की संसद अंतरराष्ट्रीय आपराधिक अदालत के अधिकार क्षेत्र को लेकर अपनी मंजूरी दे दी, तब अपने सबसे पुराने दोस्त देशों में से एक में पुतिन अब कदम नहीं रख पाएंगे।

# सूरत पांडेसरा में 4 अजनबियों ने कपड़ा मिल में काम करने वाले एक युवक की चप्पुओं से मारकर हत्या

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत में हत्या की एक वारदात सामने आई है. पांडेसरा इलाके में अज्ञात हमलावर द्वारा 40 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या करने की घटना से हड़कंप मच गया है। फिलहाल पांडेसरा पुलिस ने केस दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरूकर दी है.



पांडेसरा इलाके में 40 साल के युवक की हत्या की घटना सामने आई है. जानकारी के मुताबिक, गुरुकृप्पा इंडस्ट्रीज के पास क्लुवा नाम के शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है. 4 अज्ञात लोगों ने युवक पर चप्पू से हमला कर उसकी हत्या कर दी. युवक मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और पिछले 22 साल से पांडेसरा गणेश नगर में एक कपड़ा मिल में काम कर रहा था।

कल छुट्टियाँ होने के कारण दोस्तों के साथ बाहर गया था। फिर परिजनों ने उसके दोस्तों पर हत्या की आशंका जताई है. बहरहाल, पुलिस ने शव को पीएम अर्थ में रखवा दिया है और पूरे मामले में आगे की जांच कर रही है.

# जमीन या फ्लैट हड़पने के लिए सक्रिय हुआ एक खास गिरोह

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत शहर अब दिन-ब-दिन अपराध की ओर बढ़ता जा रहा है। आम आदमी से लेकर बिल्डर स्तर तक के व्यक्ति का जीना हराम हो गया है। सूरत शहर में वैध जमीन या फ्लैट हड़पने के लिए एक खास गिरोह सक्रिय हो गया है। ये गिरोह बिल्डर के वैध भूखंडों पर कब्जा करने सहित बिल्डर द्वारा बनाए गए फ्लैटों में जबरन कब्जा कर रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला हाल ही में सामने आया है. जिसमें सूरत के अडाजण इलाके में रहने वाले एक बिल्डर को ऐसी ही परेशानी का सामना

## बिल्डर ने लगाया बड़ा आरोप

करना पड़ रहा है. गिरोह ने दो दर्जन से अधिक फ्लैट समेत जमीन हड़प ली और बिल्डर के समक्ष झूठी शिकायत दर्ज कराकर उसे जेल भेज दिया।

हालांकि, इस बिल्डर ने अपनी प्रॉपर्टी को इस गिरोह के चंगुल से छुड़ाने के लिए हाई कोर्ट में अर्जी दी. हाई कोर्ट ने भले ही बिल्डर के पक्ष में फैसला सुनाया, लेकिन गिरोह उसके घर पहुंचकर जान से मारने की धमकी दे रहा है। तो बिल्डर ने थक हार कर आखिरकार गुजरात सरकार का दरवाजा खटखटाया और मुख्यमंत्री के सामने पेश हुआ. हालांकि, मुख्यमंत्री ने पूरे मामले की जांच के आदेश दे दिये हैं.

खास बात यह है कि मुख्यमंत्री स्तर से निर्देश के बावजूद बिल्डर अपना काम छोड़कर गांधीनगर सचिवालय के आसपास घूमता नजर आ रहा है, क्योंकि स्थानीय सिस्टम ने अभी तक बिल्डर को न्याय दिलाने के लिए कार्रवाई नहीं की है.

# एसीबी की जाल में फंसा तलाटी कम मंत्री, रु 3500 की रिश्वत लेते रंगे हाथ धरा गया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

पंचमहल,एन्टी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) रिश्वतखोर सरकारी अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है, इसके बावजूद कुछ लोग फिर भी नहीं सुधर रहे। एसीबी ने पंचमहल जिले में एक तलाटी कम मंत्री को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पंचमहल जिले की कालोल तहसील के कणेटिया ग्राम पंचायत के तलाटी विठ्ठल घनश्यामभाई सोलंकी को एसीबी ने उस वक्त रंगे हाथ धरदबोचा जब वह रु 3500 की रिश्वत ले रहा था। तलाटी ने दो मकानों के निर्माण पूर्ण होने के बाद उसकी आकारणी कर रजिस्टर में दर्ज करने के एवज में रु 7 हजार की रिश्वत मांगी थी। हांलाकि शिकायतकर्ता तलाटी को रिश्वत देना नहीं चाहता था, इसलिए उसने एसीबी से संपर्क किया। रिश्वतखोर तलाटी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए एसीबी ने जाल बिछाया। इसके अंतर्गत कालोल मलाव चौराहे पर चाय-नाश्ते की एक दुकान पर रिश्वत की रकम लेकर शिकायतकर्ता को बुलाया था। जहां एसीबी ने तलाटी विठ्ठल सोलंकी को रु 3500 की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरूकी।

